संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 – 2017
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

रिक्त सीटों को भरने हेतु प्रवेश सूचना

दिनांक: 13/07/2017

1. उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालयों में काउंसलिंग तथा पूल आवंटन प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के लिए सत्र 2017 की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी जिनका नाम प्रतीक्षा सूची पूल में अंकित है तथा जिन्हें किसी महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त नहीं हो सका है, वे सीधे अपने इच्छित विकल्पानुसार ऐसे महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करेंगे जिनमें प्रवेश स्थान रिक्त है। विभिन्न महाविद्यालयों में रिक्त सीटों का विवरण आज शाम से www.upbed.nic.in की वेबसाईट पर अपडेट कर दिया जायेगा ।

2. महाविद्यालय अभ्यर्थियों के प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को उनकी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2017 में घोषित मेरिट के अनुसार व्यवस्थित करते हुये विषयवार रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश की कार्यवाही इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के तीन दिन के अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण करेंगे। इसकी सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करे व विद्यालय के नोटिस बोर्ड व अपनी वेबसाईट पर भी दिखाये।

3. इसके उपरान्त किसी बी0एड0 महाविद्यालय में कोई प्रवेश नहीं दिया जायेगा। महाविद्यालय तदोपरान्त प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची तथा प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची सत्यापन हेतु शासन से तथा कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस सूची को नीचे दिये गये ईमेल पर भी भेजना अनिवार्य है। सत्यापन उपरान्त ही प्रवेश अन्तिम माने जायेंगे।

Helpline No.: 0522-2740200, 2740600 e-mail : upbed2017.helpline@gmail.com

कुलसचिव

10X8 sq.cm.